卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 284 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦22 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## नदी में फंसी रोडवेज बस बाल–बाल बचे 70 यात्री

हरिद्वार (उद संवाददाता)। पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के चलते बिजनौर जनपद में एक बार फिर से कोटावाली नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जलस्तर बढ़ने से कोटावाली नदी रपटे के बीच एक रोडवेज बस फंस गई है। जिससे बस में 70



यात्रियों की जान आफत में पड़ गयी। नजीबाबाद से हरिद्वार जा रही इस में सवार यात्रियों को पोकलैंड मशीन की मदद से बमुश्किल बचाया गया। जानकारी के अनुसार तेज बारिश होने से भागूवाला क्षेत्र की कोटावाली नदी का (शेष पृष्ठ सात पर)

## बंद हो रहे उद्योगों को किया जाएगा पुनर्जीवित:धामी

### केजीसीसीआई के नवनिर्मित भवन का सीएम ने किया उदघाटन

काशीपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर पहुंचकर सर्वप्रथम कैबिनेट मंत्री स्तर वन गहतोड़ी पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे हैं। यहां मुख्यमंत्री धामी ने गहतोड़ी के परिवार को परिजनों से हाल जाना व उनके एंड इंडस्ट्रीज(केजीसीसीआई) पहुचे। यहां मुख्यमंत्री धामी का के जीसीसीआई के अध्यक्ष अशोक बंसल योगेश जिंदल नेता राम मेहरोत्रा दीपक बाली विनीत सिंघल मधुप मिश्रा विकास जिंदल आदि ने पुष्पगुच्छ भेंट कर फूल मालाओं से







विकास निगम कैलाश गहतोड़ी के गिरीताल रोड स्थित आवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। श्री शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी बाजपुर रोड स्थित कुमाऊं गढ़वाल चेंबर ऑफ कॉमर्स मदन मोहन जिंदल क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा भाजपा के वरिष्ठ स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केजीसीसीआई के अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस (शेष पृष्ठ सात पर)

## फैक्ट्री की बस पलटने से एक की मौत, तीन दर्जन घायल

### रामनगर रोड पर धनोरी के समीप सुबह सवेरे घटित हुआ गंभीर हादसा

काशीपुर(उद संवाददाता)। रामनगर रोड पर धनोरी के समीप सुबह



सवेरे फैक्ट्री की अनियंत्रित बस विद्युत पोल से टकराकर तेज धमाके के साथ पलट गई। हादसे में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि तीन दर्जन से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में महिलाओं की संख्या अधिक है जिन्हें उपचार के लिए नगर के



अलग–अलग निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह शिवांगी फैक्ट्री की बस संख्या यूके 04 सीए/0137 वर्करों को लेकर फैक्ट्री की ओर जा रही थी इसी दौरान लगभग 6:40 बजे सुबह रामनगर रोड पर धनोरी पुलिया के समीप द्रुतगति से चली जा रही बस अचानक अनियंत्रित होकर रॉग साइड जाकर विद्युत पोल से (शेष पृष्ठ सात पर)

### फैक्ट्री श्रमिकों को ढो रही थी स्कूल बस

काशीपुर। हादसे की शिकार हुई फैक्ट्री की तथाकथित बस पर शहर के एक नामी गिरामी स्कूल का नाम लिखा हुआ है। यानी एक अगर निगाह डाली जाए बस पर तो कोई भी इसे स्कूल बस समझेगा जबकि जानकारी मिली है कि पिछले काफी समय से यह बस नियम विपरीत तरीके से फैक्ट्री के श्रमिकों को ढोने का काम कर रही है।

## स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने 125.50 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है गिरफ्तार युवक से एक मोटर साइकिल भी बरामद की गई है। एसपी सिटी मनोज कत्याल, सी ओ सिटी ओमप्रकाश शर्मा और



कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने प्रेष वार्ता में बताया कि उनकी टीम द्वारा नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर ग्राम दरऊ गुरु नानक पेट्रोल के मुख्य सड़क पर से अभियुक्त अजीम ऊर्फ बबलू पुत्र (शेष पृष्ठ सात पर)

## काशीपुर में दरकने लगी भाजपा की जमीन

■ **मनोज श्रीवास्तव**

काशीपुर। विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण को लेकर शनिवार को काशीपुर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को लेकर क्षेत्रवासियों में रंच मात्र भी उत्साह नहीं दिखा। इसके लिए महापौर उषा चौधरी को लोग सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। क्षेत्रीय जनता की मानें तो पिछले 15 वर्षों से कुर्सी पर जमी महापौर ने विकास के नाम पर काशीपुर को बहुत पीछे धकेल दिया। विकास के नाम पर काशीपुर जहां 30 वर्ष पूर्व था वही आज भी खड़ा है। शहर की ज्वलंत समस्याएं जस की तस है। जलभराव काशीपुर की प्रमुख समस्याओं में से एक है जिसे मुद्दा बनाकर महापौर चुनाव में बाजी तो मारती रही लेकिन कुर्सी हाथ लगने के बाद पीछे पलट कर उन्होंने कभी नहीं देखा। यही नहीं बल्कि पिछले 15 वर्षों के दौरान तमाम उतार–चढ़ाव देखने को मिले।

### जनसमस्याओं की अनदेखी पड़ रही भारी

लेकिन लोगों की माने तो महापौर कभी किसी के दुख सुख में अधिकांश देखी नहीं गई। अब जबकि निकाय चुनाव सन्निकट है एक बार फिर से उन्होंने पैंतरा बदलना शुरू कर दिया है। जबकि जन समस्याओं को पहले प्राथमिकता देनी चाहिए। बरसात के दिनों में प्रतिवर्ष आबादी वाले मोहल्लों के अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग समेत मुख्य मार्ग व मेन मार्केट में भारी जलजमाव के कारण करोड़ों का नुकसान होता है। इस नुकसान से बचाव को लेकर आज तक निगम प्रशासन द्वारा किसी प्रकार के कोई सार्थक कदम नहीं उठाए गए। नतीजा यह रहा कि हल्की सी बरसात में काशीपुर पूरी तरह तालाब में तब्दील हो जाता है। इसी तरह जब भी प्रदेश के तमाम शहरों में गंदे शहर की चर्चा होती है काशीपुर का नाम पहले लिया जाता है। अब यह अलग बात है कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर वाहवाही लूटने के निमित्त शहर की सड़कों को साफ सुथरा कर दिया गया है लेकिन चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात वाली कहावत यहां फिर से चरितार्थ होने वाली है। शहर में जगह–जगह लगे कचरे के ढेर, चौक नाले नालियां उसमें बजबजाते कीड़े विकास की कहानी आप कह रहे हैं। कमोवेश जिले के अन्य (शेष पृष्ठ सात पर)

### लाखों रुपया पानी की तरह बहाया

काशीपुर। मेयर उषा चौधरी को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। मुख्यमंत्री के आगमन पर जनता की गाढ़ी कमाई का लाखों रुपया रंग रोगन पर पानी की तरह बहाया गया। अपनी पीठ आप थपथपाने के लिए लाखों के भारी–भरकम विज्ञापन जारी कर दिए गए। शहर को होल्डिंग्स और फ्लेक्सी से पाट दिया गया लेकिन इतना करने के बाद भी नगर की जनता को अपनी और आकर्षित करने में निगम प्रशासन फेल साबित हुआ। (शेष पृष्ठ सात पर)

### व्यापारियों में भी नहीं दिखी खुशी

काशीपुर। सीएम धामी के काशीपुर आगमन का बड़ा खामियाजा यहां के व्यापारियों को प्रतिष्ठान बंद कर भुगतना पड़ा। शनिवार को निगम परिसर के अंदर स्थित दर्जनों दुकानों को बंद करा दिया गया। इसी तरह मेन मार्केट की अधिकांश दुकानों के शटर गिरे रहे। यानी झूठी वाहवाही लूटने के चक्कर में यहां प्रशासन व्यापारियों के मुंह से निवाला छीनने का काम कर रहा है। यही कारण है कि काशीपुर के व्यापारियों को मुख्यमंत्री के आने की कोई खुशी नहीं हुई।

## केन्द्रीय कानून राज्य मंत्री से मिला हाईकोर्ट बार का शिष्ट मंडल

नैनीताल (उद संवाददाता)। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के शिष्ट मंडल और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य ने दिल्ली में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय कानून राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुन मेघवाल व सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सुधांशु धुलिया से मुलाकात कर उन्हें हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा और उपाध्यक्ष प्रभाकरण सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिवक्ता डी के शर्मा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत, व महासचिव सौरभ अधिकारी, ने केन्द्रीय कानून राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुन मेघवाल से जूनियर अधिवक्ताओं को मानदेय दिये जाने, उनके मेडिकल इत्यादि की सुविधा की व्यवस्था करने, हाईकोर्ट में जजों की कमी को पूरा करने की मांग की साथ ही उन्हें अधिवक्ताओं की अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। मेघवाल ने इन मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। शिष्ट मंडल ने निकट भविष्य में हाईकोर्ट बार में होने वाली गोष्ठी के लिए भी कानून मंत्री को आमंत्रित किया।





## सीएम धामी कल रूद्रपुर में करेंगे योजनाओं का लोकार्पण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल रूद्रपुर नगर निगम में विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। सीएम के नगर निगम में आगमन को लेकर जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं। जानकारी देते हुए मेयर रामपाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल रूद्रपुर नगर निगम में स्व. श्री सुभाष चतुर्वेदी स्मृति सभागार का उतराखण्ड के प्रथम कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट का अनावरण करेंगे। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। समारोह में सीएम का जोरदार स्वागत किया जायेगा। कुमांउनी और बांग्ला संस्कृति की परंपरा अनुसार स्वागत के साथ ही पार्षदों की ओर से भी सीएम का जोरदार स्वागत किया जायेगा। साथ ही इस मौके पर हवन यज्ञ का भी आयोजन होगा। मेयर ने कहा कि आयोजित होने जा रहा कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। इस अवसर पर सीएम के समक्ष कई मांगें भी रखी जायेंगी। मेयर ने उम्मीद जताई है कि सीएम कल इस कार्यक्रम के दौरान शहर के लिए कुछ सौगात भी देंगे।

# मांगों को लेकर श्रमिकों ने निकाला जुलूस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल श्रमिक संयुक्त मोर्चा के आव्हान पर समाज आटोमोटिव कम्पनी द्वारा निकाले गये स्थाई श्रमिकों ने सिडकुल नेस्ले चौक से कलैक्ट्रेट तक जुलूस निकाला और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गैर कानूनी तरीके से निकाले गये श्रमिकों की कार्यबहाली की मांग की। इस दौरान हुई सभा को सम्बोधित करते हुए संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि पिछले 90 दिनों से श्रमिक मोर्चा व पीडीपीएल यूनियन के श्रमिक कार्यबहाली की मांग को लेकर दर-दर भटकने को मजबूर हैं। कितनी ही बार श्रम विभाग, जिला प्रशासन के कई अधिकारियों, विधायक व सरकार को भी पत्र देकर श्रम कानूनों को लागू कर कार्यबहाली की मांग की जा चुकी है। लेकिन शासन-प्रशासन व श्रम विभाग उन कानूनों को लागू कराने में ही आना-कानी कर रहा है जिसको लागू कराने की मुख्य जिम्मेदारी जिला प्रशासन व श्रम विभाग की ही है। लेकिन अभी तक श्रम विभाग का रवैया देखकर स्पष्ट हो है कि श्रम विभाग कानून का उल्लंघन करने वाले समाज ऑटोमोटिव के पक्ष में ही खड़ा है। भाजपा सरकार भी पूंजीपतियों का साथ दे रही है तभी जिला प्रशासन कार्यवाही नही कर रहा है। ऐक्टू प्रदेश महामन्त्री के. के. बोरा ने कहा कि पुराने मालिक अनिल श्रीवास्तव ने कम्पनी




नये मालिक जयवीर खटाना को अप्रैल में बेच दी। श्रम कानूनों में नियम यह है कि स्थायी मजदूर कम्पनी का ही मजदूर पूर्ववत माना जाएगा, चाहे कितने ही मालिक क्यों न बदल जाएं। मजदूर यूनियन की शंका सही साबित हुई और बुरे परिणाम के फलस्वरूप लगभग 1 दर्जन ठेका मजदूर अपने हाथ कटा चुके हैं। मजदूरों के हाथ कटने के उपरांत भी सरकार, जिला प्रशासन व श्रम विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं। एएलसी के समक्ष समाज आटोमोटिव के मालिकान द्वारा गलती स्वीकारने के बावजूद कार्यवाही नही की और मजदूरों से मालिक की बात मानने को ही बोला गया। डीएलसी के समक्ष हुई वार्ता में हुए समझौते को पलट कर मनमाने तरीके से विवाद को श्रम न्यायालय में भेज दिया गया। जहां मजदूरों को न्याय मिलने में काफी समय व पैसा खर्च करना पड़ेगा। एएलसी महोदय का रवैया कानून विरोधी और मजदूर विरोधी रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि 41 स्थायी श्रमिकों की तुरंत कार्यबहाली हो, क्योंकि उनकी छंटनी अवैध है इसिलिए अभी तक का वेतन दिलाया जाए, भारी मशीनों पर ठेका के श्रमिकों से काम कराने पर रोक लगायी जाए , हाथ गवां चुके मजदूरों को कानूनन न्याय दिलाया जाए, समाज ऑटोमोटिव में हो रहे कानूनों के उल्लंघन पर रोक लगाई जाए। जे बी एम यूनियन के पदाधिकारी, मजदूर सहयोग केंद्र से सुरेंद्र सिंह, भाकपा (माले) जिला सचिव ललित मटियाली, इनकलाबी मजदूर केंद्र के शहर सचिव दिनेश चंद्र, मंत्री मेटलिक्स यूनियन के राजेंद्र नेगी, बजाज मोटर्स कर्मकार यूनियन के हेम दुर्गापाल, नील ऑटो यूनियन के मनोज यादव ,राणे मद्रास यूनियन और सन्सेरा मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। जुलूस में करन सिंह, जीवन राम , जयशंकर , गौरी शंकर, केशव प्रसाद ,धर्मेंद्र पटेल, चरन सिंह, रंजन कुमार ,ललित सिंह रावत, जगदंबिका प्रसाद, किशन राम सहित विभिन्न मजदूर यूनियन के कर्मचारी मौजूद रहे।

# बहन के साथ दुराचार करने वाले युवक को बीस साल का कठोर कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अपनी अबोध बहन के साथ जबरन दुराचार करने वाले युवक को पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने 20 वर्ष के कठोर कारावास और 60 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि रूद्रपुर निवासी एक व्यक्ति द्वारा 11फरवरी 2020 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि गत शाम उसकी 9 वर्षीय अबोध बेटी अपनी बुआ के घर टीवी का रिसीवर लेने गई थी ।घर पर बुआ तो नहीं थी लेकिन बुआ का विवाहित बेटा मिथुन पुत्र पप्पू मौजूद था उसने बच्ची के साथ जबरन दुराचार किया। बच्ची चीखने लगी ।तभी वहाँ पर बच्ची का बड़ा भाई पहुँच गया और बच्ची को लेकर घर चला गया जहां बच्ची ने परिजनों को सारी बात बताई जिसे सुनकर परिजन सकते में आ गए ।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया जिसमें उसके साथ जबरन दुराचार करने का आरोप सही पाया गया ।पुलिस ने दुराचार के आरोपी मिथुन को 13फरवरी 2020 को गिरफ्तार कर लिया ।उसके विरूद्ध पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ के न्यायालय में मुकदमा चला जिसमें विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने 6 गवाह पेश कर दुराचार किए जाने का आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद न्यायाधीश महोदय ने दुराचारी मिथुन को धारा 5/6 पॉस्को एक्ट एवं धारा 366 आईपीसी के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास और 60 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी साथ ही राज्य सरकार को निर्देश दिए कि पीड़िता बच्ची को क्षतिपूर्ति के रूप में 5 लाख रुपए दिए जायें ।

# आईजी ने किया स्मार्ट कंट्रोल रूम का निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक, कुमांयूँ परिक्षेत्र डॉ. नीलेश आनन्द भरणें द्वारा यहां बहुउद्देश्यीय भवन में स्थित स्मार्ट कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने देखा कि कुल 89 सीसीटीवी कैमरे हल्द्वानी नगर में



स्थापित किये गये है। जिनमें नरिमन तिराहा से सिन्धी चौक तक 36 कैमरे, भोलानाथ टैम्पो स्टैण्ड से सेन्ट्रल हॉस्पिटल तक 14 कैमरे,स्टैण्डर्ड स्वीट से देवलचौड़ तक 14 कैमरे,मंगल पड़ाव से मण्डी तक 8 कैमरे, तिकोनिया वर्कशॉप लाईन से रेलवे फाटक तक 13 कैमरे तथा पनचक्की से डीसी पानी टंकी तक 4 कैमरे लगे हैं।किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए आईजी को बताया गया कि वर्तमान समय तक यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सीसीटीवी के माध्यम से ट्रैफिक आई से 43 चालान कराये गये हैं। यात्रियों, पर्यटकों के दुकान, ऑटो रिक्शा में छूटे हुए 60 बैग सामान वापस कराए गए। दुकानों में छुटे हुए लगभग 20 मोबाईल फोन्स को वापस कराया गया। एक्सीडेंट कर भागने वाले अज्ञात वाहनों की पहचान करायी गयी। रोडवेज स्टेशन के पास होने वाली चोरी के खुलासे में सहयोग किया गया।बाजारों में भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं के साथ अभद्रता करने वालों पर पैनी निगाह रखी जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक ने कि कई बार पुलिस बल की कमी होती है तो स्मार्ट कन्ट्रोल रूम में लगे कैमरे पुलिस के लिए तीसरी आख का कार्य करते हैं। जिससे पुलिस को अपराधों के अनावरण तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में सहायता होती है। स्मार्ट कन्ट्रोल रूम को और अधिक व्यवस्थित करने हेतु एक अपर उप निरीक्षक, हेकानि. तथा यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के लिये एक यातायात कर्मी नियुक्त किया जायेगा। इस मौके पर एसएसपी पंकज भट्ट, सीओ सिटी भूपेंद्र सिंह धोनी के अलावा अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कोऑपरेटिव बैंक की सिसौना शाखा का हुआ शुभारम्भ

खटीमा (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर डिस्ट्रिक्ट को ऑपरेटिव बैंक की सिसौना शाखा का शुभारम्भ केबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष राज्य सहकारी बैंक हल्द्वानी दान सिंह रावत ने उपस्थित जनसमूह से बैंक द्वारा चलाई जा रही विकासपरक एवम् रोजगारोन्मुखी योजनाओं से लाभ उठाने का आह्वान किया। बैंक के सचिव महाप्रबंधक सुरेश सिंह नपल्च्याल ने मुख्य अतिथि एवम् विशिष्ट अतिथि को बुके एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। बैंक शाखा प्रबंधक रामेंद्र सिंह राणा ने अन्य अतिथिगण का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मंत्री सौरभ बहुगुणा ने राणा, बन्धन, संयुक्त एवम् रुचि महिला सहायता समूहों को 5-5 लाख के बिना ब्याज के ऋण दीन दयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के चेक वितरित किए। इस अवसर पर टीवीएस ने अध्यक्ष गोपाल सिंह बोरा, ऊधम सिंह नगर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व समिति अध्यक्ष राम भरोसे राणा, ग्राम प्रधान सिसोना कुलदीप कंबोज, जिला



पंचायत सदस्य उदय सिंह, नकुलिया प्रधान राजेश , बमनपुरी ग्राम प्रधान श्रीमती अमीता देवी, रूदपुर प्रधान प्रशान्त मंडल , शक्तिफार्म नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास, देबू मण्डल, शोभित बिष्ट, दीपांशु रावत, फहीम अहमद, आफताब अहमद, महेन्द्र सिंह, भूकन सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बैंक मुख्यालय रुद्रपुर से आए मुख्य प्रबंधक हरि सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम के अन्त में बैंक अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह रावत ने शाखा लोकार्पण के इस अवसर पर उपस्थित सभी सम्मानित महानुभावों का आभार व्यक्त किया।

# गुरूनानक एकेडमी में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू

नानकमत्ता (उद संवाददाता)।गुरु नानक अकेडमी नानकमत्ता के खेल परिसर में दो दिवसीय मुख्यमंत्री उदयीमान खेल प्रतियोगिता के प्रथम दिन नगर पंचायत नानकमत्ता के आठ एवं न्याय पंचायत नानकमत्ता के बारह विद्यालयों के 8 से 14 वय वर्ग के बालकों ने प्रतिभाग किया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना एवं भाजपा कार्यसमिति के प्रदेश सदस्य के०डी० गहतोड़ी के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण करके किया गया। प्रतियोगिता में कुल छः प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी खेल प्रतिभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हार-जीत महत्वपूर्ण नहीं होती महत्वपूर्ण होता है अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करना। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के०डी० गहतोड़ी ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभाग करने वाले प्रतिभाशाली बालकों को




शुभकामनाएं प्रदान करीं।जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संगठन के पूर्व अध्यक्ष सूरज सक्सेना व प्राथमिक शिक्षक संगठन शाखा- सितारगंज के अध्यक्ष दिनेश सिंह के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री एवं खेल एवं युवा मंत्रालय के मंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया जिसमें बच्चों के माता-पिता के स्थाई निवास उपलब्ध होने पर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए बालकों के स्थाई निवास की अनिवार्यता को समाप्त करने का अनुरोध किया गया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में रमाकांत आचार्य, लीला रौतेला, निर्मल सिंह, फकीर सिंह, कुंवर सिंह राणा ,पुष्पेंद्र कटियार कृष्ण चंद्र आर्य किशोर डांगी आदि व्यायाम शिक्षकों एवं केजीएम विद्यालय के प्रबंधक कैलाश जोशी आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया। प्रतियोगिता के संयोजक जशोद सिंह मेहता व संचालक के०एन ०अटवाल थे।

# शिक्षकों ने इंस्पायर अवार्ड को लेकर किया मंथन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नानकमत्ता में विकासखंड सितारगंज और खटीमा के समस्त कक्षा 6 से 10 तक के शासकीय, अशास कीय,व निजी विद्यालयों के विज्ञान अध्यापकों की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शैक्षिक सत्र 2023-24 हेतु इंस्पायर अवार्ड से संबंधित विषय पर चर्चा परिचर्चा की गई। कार्यक्रम के संयोजक राजकीय इंटर कॉलेज सितारगंज के विज्ञान अध्यापक जगदीश राय ने बताया कि सन् 2010 से भारत सरकार के विज्ञान एवं



प्रौद्योगिकी मंत्रालय के द्वारा इंस्पायर अवार्ड का प्रारंभ किया गया जिसमें विज्ञान के क्षेत्र में 10 से 15 आयु वर्ग के प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा नवीन सोच व नवाचारी युक्तियों के माध्यम से नए-नए आविष्कारों को करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है इसमें राज्य स्तर हेतु चयनित विद्यार्थियों को 10000 का पुरस्कार और राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यार्थी को 80000 प्रति वर्ष 5 वर्षों के लिए प्रदान किए जाते हैं साथ ही देश-विदेश में जाने का मौका भी प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद ऊधम सिंह नगर के जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक दलेल सिंह राजपूत ने अपने संबोधन में सभी शिक्षकों को अधिक से अधिक विद्यार्थियों के नामांकन करने के लिए प्रेरित किया और इस पुरस्कार के विषय में विस्तार से अवगत कराया। इस अवसर पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संगठन के पूर्व अध्यक्ष सूरज सक्सेना, पूर्व कोषाध्यक्ष मोहम्मद अयूब खान एवं सुरेश गंगवार, के०पी ०शुक्ला, हरविंदर सिंह ,आरती दीपक, राजकुमार राणा आदि अध्यापकों ने नवागंतुक जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक श्री राजपूत का माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ प्रदान करके स्वागत किया।बैठक के पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी श्री राजपूत एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह जलाल तथा सूरज सक्सेना व माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी दीपू जोशी के द्वारा विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया।

# हादसे में बाईक सवार घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रातः पंतनगर मार्ग पर बाईक पर सवार होकर घर वापस आ रहा एक व्यक्ति अचानक सामने आए जानवर को बचाने के प्रयास



में सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार नई बस्ती भूत बंगला निवासी आरिफ पुत्र इब्राहिम बाईक संख्या यूके 06 ए एक्स 9322 पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था।मार्ग में अचानक एक जानवर सामने आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में आरिफ बाईक पर से नियंत्रण खो बैठा और सिर के बल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर परिजन भी चिकित्सालय पहुंच गए।

# बेहड़ ने जनसंवाद में सुनी जनसमस्यायें

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक बेहड़ ने अपने किच्छा आवास विकास स्थित कार्यालय में क्षेत्रवासियों से मुलाकात की व उनकी समस्याओं को सुना तथा सभी समस्याओं के निदान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान लोगों ने बिजली पानी राशन सम्बन्धी समस्याओं से अवगत कराया ,सिरोली कला निवासी आयशा बी ने राशन कार्ड की समस्या से अवगत कराया जिस पर विधायक ने पूर्ती निरीक्षक को राशन कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया वार्ड न 03 किशनपुर के निवासी किशन पाल गंगवार ,नवीन कुमार ,संजीव कुमार ,प्रदीप कुमार,रामपाल आदि लोगों ने सड़क निर्माण कराये जाने तथा वीरू नगला निवासी मेजर सिंह ,रूबल सिंह ,रोशन लाल ,कश्मीर सिंह ,जाघन लाल ने गूल निर्माण ग्राम शान्तिपुरी न०-2 से बिशन सिंह कोरंगा, कैलाश जोशी,गणेश पाण्डेय,जग्गू कार्की आदि ने शान्तिपुरी न०-2 में जलभराव की समस्याओं से अवगत कराये तथा सड़क निर्माण कराये जाने की विधायक से मांग की।



# विधायक की मध्यस्थता के बाद कालेज प्रशासन ने छात्रों की मांगों पर जताई सहमति

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ पदाधिकारियों के धरना प्रदर्शन की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने मौके पर पहुँचकर छात्र संघ नेताओ की मांगों को विस्तार से सुना। छात्र नेताओं ने मुख्यत: नये प्रवेश हेतु आ रहे छात्र छात्राओं के लिये टीन शेड का निर्माण, पुस्तकालय छात्र छात्राओं के लिये निरन्तर खोलने, कक्षाएं शीघ्र प्रारम्भ करने, कॉलेज के मुख्य मार्ग का निर्माण सहित कई मांगें रखी। विधायक शिव अरोरा ने मौके पर कालेज प्राचार्य को बुलाया और कहा कि इनकी मांगे काफी व्यवहारिक है और छात्र छात्राओं के हित मे है जिनको बिल्कुल पूरा करना चाहिए। विधायक की मध्यस्थता में छात्र संघ पदाधिकारी और कालेज के प्राचार्य के बीच हुई बैठक में तय हुआ कि टेन शेड का निर्माण जल्दी कालेज द्वारा कराया जायेगा जब तक निर्माण नही होता तब तक गर्मी को देखते हुए टेन्ट लगवाया जायेगा और पानी की व्यवस्था होगी, वही सड़क निर्माण को लेकर विधायक शिव अरोरा ने आश्वस्त किया कि इसका निर्माण कार्य आने वाले दिनों में जल्दी शुरू करवा दिया जायेगा, वही पुस्तकालय कल से ही खोल दिया जाएगा।विधायक ने प्राचार्य को स्पष्ट कहा कि छात्र संघ के साथ आपका तालमेल होना चाहिए यह सदैव छात्र हितों में ही कार्य करते हैं । विधायक शिव अरोरा ने कहा सभी मांगों पर वार्ता कर समाधान निकाल लिया है , चूंकि यह रुद्रपुर डिग्री कॉलेज प्रदेश सरकार द्वारा आदर्श महाविद्यालय घोषित किया है जिसमे लगातार कार्य हो रहे हैं और सुविध ाओं को भी निरन्तर प्रदेश की धामी सरकार द्वारा बढ़ाया जा रहा है। चाहे वो नये परिसर का निर्माण हो या कक्षाओं के विस्तार की बात हो प्रदेश सरकार और आपका विधायक सदैव छात्र छात्राओं के हित मे साथ खड़े हैं, आगे भी कोई कार्य या मांगे होगी उनको भी सरकार के स्तर से करवाने का कार्य किया जायेगा। इस दौरान छात्र संघ अध्यक्ष गौतम पपनेजा, सचिव रोहित भट्ट, उपाध्यक्ष आकाश कुमार, कोषाध्यक्ष कुणाल गोस्वामी, गौरव शुक्ला, रचित सिंह, दीपक भट्ट, सौरभ राठौर, चन्दन भट्ट, रजत बिष्ट, अंकित, जसवंत सिंह , भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, नवीन पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




# चुघ ने की केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री से मुलाकात

## रूद्रपुर में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। श्री चुघ ने उत्तराखंड राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा शिक्षा के विकास में कराए जा रहे कार्यों तथा गुणवत्ता में सुधार के लिए लागू की जा रही नीतियों की विस्तार से जानकारी देते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षाओं को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए कई कठोर कदम उठाए गए हैं। श्री चुघ ने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण एवं दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा के चहुंमुखी विकास के लिए अभी भी बहुत कार्य किए जाने शेष हैं। जिसके लिए केंद्र सरकार की मदद की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अनेक पर्वतीय क्षेत्रों में बच्चों को विद्यालय जाने के लिए आज भी खतरनाक पगडंडियों व नदी नालों को पार करना पड़ता है। पूर्व में कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं। श्री चुघ ने उनसे आग्रह किया कि केंद्र सरकार की मदद से विद्यालय जाने के लिए मार्ग व पुल बनवाकर बच्चों का भविष्य और बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए कई लाभकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। साथ ही उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। आज उत्तराखंड की बेटियां अनेक क्षेत्रों में सिर्फ राज्य वरन देश का नाम भी रोशन कर रही हैं। उन्होंने जनपद उधमसिंह नगर के मुख्यालय रूद्रपुर में छात्राओं के लिए केंद्रीय विद्यालय खोलने का भी आग्रह किया। राज्य मंत्री ने श्री चुघ को आश्वस्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार उत्तराखंड में शिक्षा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। श्री चुघ ने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी से देवभूमि उत्तराखंड में रूद्रपुर आगमन का निमंत्रण एवं आग्रह किया।



# कांग्रेस व माले ने फूंका केन्द्र सरकार का पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र सड़को पर घुमाने की घटना से गुस्साये कांग्रेसियों व माले कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के साथ केंद्र तथा मणिपुर सरकार का पुतला फूंका। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के आह्वान पर कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार का पुतला दहन करते मणिपुर में शांति बहाली हेतु ठोस कार्यवाही करने तथा महिलाओं के साथ कुकृत्य करने वाले लोगो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि मणिपुर की घटना ने पूरे देश की हिला दिया है। लेकिन प्रध ानमंत्री मणिपुर जाने के बदले विदेश की यात्राओं में व्यस्त है। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है, इसलिए मणिपुर की भाजपा सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू कर देना चाहिए।युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोकिन सैफी ने कहा कि बेटी बचाओ का नारा देने वाली भाजपा तानाशाही पर उतर आई है। भाजपा राज में माँ बेटियों के साथ जुर्म बढ़ गए है चाहे उत्तराखंड की बेटी अंकिता हो या हाथरस की बेटी या फिर मणिपुर की बेटियां हो। युकां प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कहा कि आम जनमानस की परेशानियों से भाजपा को कोई मतलब नही है। भाजपा द्वारा लगातार गरीब मजबूर वर्ग की आवाज दबाने का कार्य हो रहा है। इस दौरान सुहैल सिद्दीकी, शोभा बिष्ट, कमला सनवाल, हेम पाण्डे, मोहन बिष्ट, पार्षद दीपा बिष्ट, पार्षद राध ा आर्या, गोविंद बगडवाल, जया पाठक, मीमांशा आर्या, कमला तिवाड़ी, पार्षद मो. गुफरान, गजेंद्र गोनिया, गुरप्रीत प्रिंस, लाल सिंह पवार, नेत्र बल्लभ जोशी, नितिन भट्ट, प्रदीप कुमार, संजय जोशी, शैलेन्द्र दानु, शादाब हुसैन, आसिफ अली, यश, मो. जुबैर, सुहैल, शंकर, पंकज आदि मौजूद थे। लालकुआं।वही माले कार्यकर्ताओं ने द्वारा लालकुआं में राष्ट्रीय प्रतिवाद दिवस पर मणिपुर में हिंसा रोकने में असफल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का पुतला फूंका। कार रोड चौराहे पर हुई नुक्कड़ सभा में डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि मणिपुर की महिलाओं नग्न परेड का वीडियो भाजपा के डबल इंजन शासन की सच्चाई सामने ला रहा है। भुवन जोशी, विमला रौथाण ने कहा कि मणिपुर की पीड़ित महिलाओं के साथ एकजुटता में पूरा देश उनके लिए न्याय की मांग कर रहा है। पुष्कर सिंह दुबड़िया ने कहा कि घटना के अपराधियों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की मांग की जाए। धीरज कुमार ने कहा कि, मणिपुर में हत्या और महिला हिंसा के अपराधिक मामलों को मणिपुर की बीरेन सिंह की राज्य सरकार का सरंक्षण हासिल है। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में ललित मटियाली, नैन सिंह कोरंगा, कमल जोशी, चंदन राम, गोविन्द सिंह जीना, निर्मला शाही, सुधा देवी, स्वरूप सिंह दानू, संजना, दिव्या, देवकी देवी, खीम सिंह मेहरा, सरूली देवी, त्रिलोक राम, खीम सिंह रावत, अजय पाल, जसोदा देवी आदि शामिल रहे।






# दरोगा के खिलाफ एसएसपी को लिखा शिकायती पत्र

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाने में न्याय की गुहार लेकर जाने वाले ग्रामीण जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारी नेताओं के साथ अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। व्यापारी नेताओं एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है।थाने में तैनात एसआई पर जनप्रतिनिधि यों के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं गांव के प्रधानों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है।भेजे शिकायत पत्र में लिखा है कि थाने में तैनात एसआई जो कस्बा इंचार्ज भी है थाने में किसी मामले में शिकायत करने या मदद मांगने जाने पर फरियादियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। दरोगा के गलत व्यवहार से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि यों एवं व्यापारियों में प्रति रोष पनपता दिखाई दे रहा है। एसएसपी को शिकायत पत्र भेजकर दरोगा के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन भेजने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल उर्फ पप्पू, महामंत्री गुरनाम सिंह, ग्राम प्रधान गिध ौर ममता, ग्राम प्रधान कल्याणपुर अमरजीत कौर, अमरजीत सिंह, रंजीत सिंह, धर्म सिंह, जोगेंद्र सिंह जग्गी, सुमित रस्तोगी, सुरजीत सिंह आदि शामिल है।

# महाविद्यालय और खण्ड शिक्षा कार्यालय में किया पौधारोपण

गदरपुर (उद संवाददाता)। हरेला पर्व के उपलक्ष्य में राजकीय महाविद्यालय गदरपुर द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य समेत सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा गुलमोहर, सहजन, चंपा, तेजपत्ता, कागजी नीबू और जामुन आदि के पौधे महाविद्यालय परिसर और खण्ड शिक्षा कार्यालय में लगाये गये। उक्त सभी पौधों की देखभाल की जिम्मेवारी महाविद्यालय परिवार द्वारा ली गयी



रोपे गये पौधों से सम्बंधित जानारियां, उपयोग, लाभ एवं हानि के बारे में छात्र छात्राओं को प्रमोद वर्मा एवं डा. हरि प्रसाद द्वारा बताया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. शर्मिला सक्सेना, वरिष्ठ प्राध्यापक डा. अशोक कुमार, पर्यावरण संरक्षण की संयोजक डा. अर्चना वर्मा, डा. हरि प्रसाद, प्रमोद वर्मा, प्रभजोत कौर, तनुजा परिहार, पर्यावरण मित्र मदन सिंह, गौरव जोशी, मनोज पनेरू,नीतू सिंह, अर्शिना, सायमा, मुस्कान, अरबाजु, मोनिश आदि मौजूद थे।

# भुरमुनि के वाटर फाल को पर्यटक केंद्र के रूप में करें विकसित : डीएम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद के विकास खंड विण के अंतर्गत स्थित ग्राम भुरमुनि में स्थित जल प्रपात (वाटर फाल) को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रीना जोशी ने भुरमुनि जल प्रपात का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधि कारी ने अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग विनोद कुमार जोशी को निर्देश दिये कि जलप्रपात के एक छोर से दूसरे छोर पर जाने हेतु पुल का निर्माण, जल प्रपात क्षेत्र में व्यू प्वाइंट निर्माण, चेंजिंग रूम निर्माण, जल प्रपात कुण्ड के सौन्दर्यीकरण व जल प्रपात क्षेत्र में बैठने आदि की व्यवस्था को लेकर स्टीमेट तैयार किया जाय। उन्होंने ग्राम भुरमुनि के स्थान घटूड़ी से जल प्रपात तक लगभग 1 किमी पैदल मार्ग के डामरीकरण व मार्ग किनारे रेलिंग लगाये जाने हेतु भी स्टीमेट तैयार करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने जलप्रपात को देखने आने वाले लोगों की संख्या आदि के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि जल प्रपात को देखने के लिए प्रतिदिन लोग यहां पहुंचते हैं। प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को यहां भारी संख्या में पर्यटक पहुंचते है। ग्रामीणों ने बताया कि यह प्रपात 12 महीने बहता रहता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी, जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति आर्य, तहसीलदार पंकज चंदोला आदि उपस्थित थे।

# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए 50 लाख की राहत सामग्री भेजेगी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब की प्रबंधक कमेटी की सब कमेटी धर्म प्रचार व सिख भलाई कमेटी की बैठक में पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत सामग्री भेजने का निर्णय लिया गया। राहत सामग्री में खाद्यान्न के साथ ही पशुओं के लिए सूखा चारा व दाना भी भेजने का निर्णय लिया गया। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब धर्म प्रचार कमेटी व सिक्ख भलाई कमेटी की बैठक गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव हरभजन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में खाद्य सामग्री के साथ ही आवश्यक वस्तुएं एवं पशुओं के लिए सूखा चारा एवं दाना भेजने का भी निर्णय लिया गया। सचिव हरभजन सिंह ने बताया कि जरूरत के अनुसार उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की सिख संगत से भी इसके लिए सहयोग लिया जाएगा। बैठक में गुरमुख सिंह, प्रतिपाल सिंह, गुरवंत सिंह सोनी, चरणजीत सिंह, देविंदर सिंह, परविंदर सिंह, गुरुदयाल सिंह, प्रभारी प्रबंधक सुखवंत सिंह भुल्लर आदि मौजूद थे।



## सर्वसाधारण को सूचना

परिषद् की आवास योजना, गदरपुर में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या–326/2 क्षेत्रफल – 82.80 वर्ग मीटर कार्यालय के प्रदेशन पत्र संख्या–569 / संवप्रव / दिनांक–18–07–2002 द्वारा श्री मदन लाल पुत्र श्री हंसराज के पक्ष में आंबटित किया गया था। आबंटी द्वारा उक्त भूखण्ड का भौतिक कब्जा परिषद से दिनांक 01.09.2002 को स्वयं प्राप्त कर लिया गया था। आबंटी द्वारा आवश्यक विलेखों के निष्पादनोंपरान्त उक्त भूखण्ड का विक्रय विलेख परिषद से अपने पक्ष में दिनांक 23.08.2002 को निष्पादित करा कर उप–निबन्धक कार्यालय बाजपुर में दिनांक 27.08.2002 को पंजीकृत करा लिया था। आबंटी द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय श्री हंसराज पुत्र श्री मंहगा राम के पक्ष में किया गया था, श्री हंसराज पुत्र श्री मंहगा राम के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण कार्यालय के आदेश संख्या–431 दिनांक 31.03.2003 द्वारा किया गया था।

श्री बल्देव राज पुत्र स्व0 श्री हसंराज ने अपने प्रार्थना पत्र के द्वारा सूचित किया है कि उनके पिता श्री हंसराज पुत्र श्री मंहगा राम की मृत्यु दिनांक – 20.06.2008 को हो गयी है, तथा अपने श्री बल्देव राज पुत्र स्व0 श्री हंसराज के पक्ष में उक्त भूखण्ड का अन्तरण कराना चाहते है। यदि किसी व्यक्ति को परिषद की आवास योजना, गदरपुर में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या–326 / 2 का अन्तरण श्री बल्देव राज पुत्र स्व० श्री हंसराज के पक्ष में किये जाने में कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति विधि साक्ष्यों, प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्ध अधिकारी, उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद्, आवास विकास कालोनी, जसपुर, उधमसिंह नगर में प्रस्तुत करने का कष्ट करें। उक्त निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर परिषद नियमानुसार उक्त भूखण्ड का अन्तरण श्री बल्देव राज पुत्र स्व0 श्री हंसराज के पक्ष में कर दिया जायेगा तथा बाद में किसी व्यक्ति का किसी प्रकार का कोई भी क्लेम (दावा) परिषद को मान्य नहीं होगा।

**अधिशासी अभियन्ता. उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद**

# एमीमिया मुक्त अभियान के लिए दिया प्रशिक्षण

गदरपुर (उद संवाददाता)। एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत गदरपुर ब्लॉक के सभी निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के सभी बच्चों को 24 जुलाई 23 को आयरन की गोलियां खिलाई जानी है। इस संबंध में सीआरसी बराखेरा गदरपुर के सभागार मे सभी निजी विद्यालयों के नोडल शिक्षकों का स्वास्थ विभाग की टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डॉक्टर प्रशांत चौहान द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डॉ प्रशांत ने नोडल शिक्षकों को आयरन की गोलियों के फायदे बताए गए तथा एनीमिया बच्चों के विकास में कितना बाधक है बीमारियों को पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। आरकेएसके काउंसलर श्रीमती राधा मिगलानी द्वारा प्राइवेट शिक्षकों का रजिस्ट्रेशन किया गया एवं नोडल शिक्षकों को कार्यक्रम की रिपोर्टिंग के संबंध में जानकारियाँ दी गई। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से बीआरसी समन्वयक श्री मोहनलाल जी , मृदुल गुप्ता जी तथा संकुल प्रभारी अमरजीत बजाज एवं गदरपुर ब्लॉक के समस्त निजी विद्यालयो के नोडल शिक्षक उपस्थित रहे।



KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

# एफपीओ के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

गदरपुर/काशीपुर(उद संवाददाता)। आई आई एम और कृषि विज्ञान केन्द्र काशीपुर द्वारा आई आई एम काशीपुर में एफ पी ओ के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य बिंदु कृषि व्यवसाय और निर्यात प्रोत्साहन रहा।इस कार्यशाला में सर्वप्रथम प्रो.वैभव भमोरिया ने कृषि में सेंसर आधारित तकनीकी विकास और कृषि उत्पादों के विपणन हेतु आवश्यक प्रपत्रों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एफ पी ओ का लक्ष्य सिर्फ उत्पादन ही नहीं,वैल्यू चौन का विकास करना होना चाहिए । साथ ही एफ पी ओ के लाइसेंस और सरकारी एजेंसियों के सहयोग से प्राप्त होने वाली पूंजी की जानकारी भी दी। एफ पी ओ को बढ़ावा देने के लिए उनके प्रोडक्ट को मार्किट लिंकेज प्रदान करने के अनुभव भी शेयर किए। कृषि विज्ञान केंद्र काशीपुर के कृषि वैज्ञानिक क्त क्वात्रा जी ने कृषि कृषि पद्धतियों के मूल सिद्धांतों को समझने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। आई एम एवं काशीपुर फीड के सी ई ओ श्री राम कुमार ने बताया की कार्यशाला आयोजित करने का उद्देश्य कृषि छात्रों और एफ पी ओ में कृषि के क्षेत्र मे विभिन्न प्रकार के उद्यमिता विकास एवं विपणन प्रबंधन पर जानकारी और कुशलता प्रदान करना था।इस मौके पर समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन के अध्यक्ष त्रिलोक चंद,सी ई ओ सीमा रानी, सचिव रश्मि रावत, उपाध्यक्ष कुसुम रानी, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर विनोद कुमार, सुरजीत कुमार डाबर, अशोक कुमार, रेखा रानी आदि उपस्थित रहे।



# दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

गदरपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना न्याय पंचायत में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। पहले दिन बालकों की प्रतियोगिता आयोजित की गई। शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज न्याय पंचायत बालकों की प्रतियोगिता का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस, आयोजक भाष्करानंद पांडे, संयोजक परशुराम दिवाकर ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इस दौरान खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष गुलाम को उसने कहा खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा खेलों से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। खेल प्रभारी मनोहर लाल न्याय पंचायत बराखेड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता में 8 से 14 आयु बालक वर्ग की सभी खेल प्रतियोगिता सम्पन्न करायी गयी। खेल प्रतियोगिता 30 मीटर फ्लाइंग रन, स्टैंडिंग ब्रॉड जम्प, फॉरवर्ड बेंड एंड रीच, 6x10 शटल रन,मेडिसिन बॉल पुट, 600 मीटर रन। 8 से 9 आयु वर्ग में सभी खेलों में अंको के आधार पर कृष्णा मदर, लाजवंती खेड़ा जूनियर हाई स्कूल सकैनिया ने प्रथम स्थान, 10 से 11 आयु वर्ग में सभी खेलों में अंको के आधार पर अभिषेक कुमार, मदर लाजवंती खेड़ा जूनियर हाई स्कूल सकैनिया ने प्रथम स्थान, 11 से 12 आयु वर्ग में सभी खेलों में अंको के आधार पर शिवाजी मंडोला सेंट मेरी स्कूल ने प्रथम स्थान, 13 से 14 आयु वर्ग में सभी खेलों में अंको के आधार पर कार्तिक राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर मनोहर लाल, रमा छाबड़ा, पंकज सिंह चौहान, मिनती रानी, डीपी सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, शालिनी, जफरुद्दीन, राजेन्द्र सिंह, रघुवीर सिंह विर्क सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।



# बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति के दौरान आपदा में फंसे सैकड़ों परिवारों को राहत दिलाए जाने के उद्देश्य से गदरपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के जागरूक समाजसेवियों द्वारा राशन एवं अन्य सामग्री एकत्र करके पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में भिजवाया जाना जारी है गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गदरपुर में संगत को निवेदन करने के उपरांत भारी मात्रा में राशन सामग्री एकत्र हुई जिसे जागरूक समाज सेवियों द्वारा बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों के लिए भिजवाया गया। समाजसेवियों का कहना था कि पंजाब के विभिन्न ग्रामों में लाखों की संख्या में पशुओं की मौत होने के साथ-साथ भारी जनहानि भी हुई है। बाढ़ में फंसे और बेघर हुए लोगों की सहायतार्थ सभी को आगे आना चाहिए। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए राहत सामग्री में अनाज,सब्जियां, दवाइयां, बिस्तर,बर्तन,शुद्ध पानी की बोतलें आदि ट्रैक्टर ट्राली में भरकर भिजवाए गए हैं जोकि सेवादारों द्वारा नजदीकी एवं दूर-दराज के गांवों में घर-घर जाकर एकत्र की गई थी। गत जुलाई को भी एक ट्रक राहत सामग्री का भेजा गया था जरूरत पड़ने पर राहत सामग्री का एकत्रीकरण और भिजवाया जाना जारी रहेगा। भाई राजेंद्र सिंह द्वारा सेवादारों की एवं बाढ़ पीड़ितों की सुख शांति की अरदास की गई। इस दौरान सेवादार दानवीर सिंह,आलमप्रीत सिंह,अर्शदीप सिंह,करण सिंह खैरा,सूरज पाल सिंह,हरजीत सिंह, हरप्रीत सिंह के अलावा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष, नरेंद्र सिंह, हरि सिंह,ज्ञान सिंह, दलजीत सिंह,कुलदीप सिंह,लवि सिंह,देवेंद्र सिंह, हीरा सिंह,सुखा सिंह,सुखदीप सिंह, गुर बचन सिंह,दविंदर सिंह सेखों आदि सहित क्षेत्रीय संगत ने भरपूर सहयोग दिया।



# भाजपा सरकार निरंकुश और संवेदनहीन: मीना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा है कि मणिपुर की घटना ने पूरे देश को झकझोर के रख दिया है, उन्होंने कहा कि जिस तरह से वहां महिलाओं को निर्वस्त्र कर अपमानित किया गया है, उससे भाजपा का चेहरा बेनकाब हो गया है,उनका वह नारा जिसमें उन्होंने कहा था, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की पूरी तरीके से मणिपुर की इस दिल दहला देने वाली घटना ने धज्जियां उड़ा के रख दी है। श्रीमती शर्मा ने भाजपा पर आरोप लगाया कि केंद्र की उसकी सरकार निरंकुश और संवेदनहीन हो गई है। देशभर में अराजकता का माहौल है, लोग अपने आप को असुरक्षित सा महसूस कर रहे हैं, महिलाओं की सरेआम बेइज्जती की जा रही है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि देशभर में महिलाओं के साथ बलात्कार और उनके शोषण के मामले बढ़े हैं, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार को इससे कोई सरोकार नहीं है। कांग्रेस नेत्री श्रीमती शर्मा ने कहा कि महिलाओं के समर्थन में बड़ी-बड़ी बातें करने वाले भाजपा के नेता आज कहां सो गए हैं। श्रीमती शर्मा ने कहा कि मणिपुर की घटना के बाद देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को देश की जनता से माफी मांगी चाहिए, और नैतिकता के आधार पर उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। इधर शुक्रवार को श्रीमती शर्मा काशीपुर पहुंची, जहां उन्होंने प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में मणिपुर की घटना के विरोध में आयोजित प्रदर्शन में प्रतिभाग किया।




# 74 लीटर गंगाजल लेकर लौटे कांवरियों का किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। हरिद्वार से 74 लीटर गंगा जल लेकर पैदल आ रहे रूद्रपुर के दो कांवरियों का गदरपुर पहुंचने पर धर्मप्रेमियों ने स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। रुद्रपुर के प्रीत विहार कॉलोनी से 4 जुलाई को राहुल गंगवार और पुष्पेंद्र कुमार कांवर यात्रा के लिए घर से निकले और 5 जुलाई को हरिद्वार पहुंचे। पूरी आस्था के साथ वहां से 6 जुलाई को 74 लीटर गंगा जल भरकर रूद्रपुर के लिए रवाना हुए रास्ते में जो कोई भी इन कावड़ियों को देखता वह हैरान हो जाता। इतना लंबा सफर और 74 लीटर गंगाजल लेकर भी हंसी खुशी अपना सफर पूरा किए जा रहे इन कांवरियों की चर्चा हर कोई कर रहा है। जगह-जगह राहुल गंगवार और पुष्पेंद्र कुमार का लोगों ने स्वागत किया। बृहस्पतिवार को गदरपुर में भी इन दोनों कावड़ियों का पुरातन सनातन धर्म मंदिर गदरपुर में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मनोज कश्यप, संरक्षक अजीत भुसरी और सदस्य राकेश चावला द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया और उनकी हौसला अफजाई की गई। उन्होंने बताया कि हरिद्वार से 74 लीटर गंगाजल लेकर अपने शहर गांव को रवाना होना अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। राहुल गंगवार ने बताया कि ईश्वर की कृपा रही है अभी तक किसी तरह की कोई परेशानी उन्हें नहीं हुई है और सोमवार 24 जुलाई को अपने शहर पहुंच जाएंगे। प्रीत बिहार कॉलोनी रुद्रपुर में शिव शक्ति मंदिर पर जल चढ़ाकर उसके बाद अपने घर जायेंगे।



श्री बांके बिहारी की कृपा से
श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा
दिनांक-30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक
● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था
प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये
यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।
सम्पर्क करे-7248133444,8476003072

# तीन पानी डाम की जर्जर पुलिया के पुनर्निर्माण की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।देवभूमि व्यापार मण्डल गंगापुर रोड के अध्यक्ष सचिन छाबड़ा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने सिचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपकर तीन पानी डाम की जर्जर पुलिया का जीर्णोद्धार करने की मांग की है। ज्ञापन में सचिन छाबड़ा ने कहा कि वार्ड नं0-1 फुलसुंगा स्थित तीन पानी डाम की पुलिया अंग्रेजों के जमाने की निर्मित पुलिया है। इस डाम से दो अन्य नहरें रूद्रपुर नहर एवं बगवाड़ा नहर सिंचाई हेतु निकलती है। यह पुलिया यू आकार में निर्मित है अत्यधिक संकरी, जीर्ण क्षीण अवस्था है। इस पुलिया से सिडकुल को जाने वाले भारी वाहन बड़ी संख्या में गुजरते हैं। वार्ड नं0-1 फुलसुंगा, शिमला बहादुर, लमरा बंगाली कालौनी (ट्राजिट कैम्प) की जनता का आवागमन का भी यह रास्ता है। इस पुलिया पर हल्के एवं भारी वाहन प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में गुजरते हैं पुलिया संकरी होने के कारण यहाँ पर आये दिन दुर्घटनायें होती रहती है, भारी वर्षा होने से नदी का पानी भी इस पुलिया के उपर से निकलने लग जाता है और यातायात अवरूद्ध हो जाता है। इस नदी का पानी ओवर फ्लो होकर आस पास की घनी आबादी में भी घुस जाता है। इन समस्याओं के निस्तारण हेतु इस पुलिया का पुनः निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है। साथ ही नदी के दोनों तटों को पुलिया के दोनों तरफ कम से कम 100-100 मीटर तक पक्का निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है ताकि नदी का पानी ओवर फलो होकर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न ना कर सके। ज्ञापन में छाबड़ा ने जनहित को देखते हुये उक्त पुलिया का तत्काल मौके पर निरीक्षण कर पुलिया का पुनः निर्माण करने की मांग की।



# मानसिक संतुलन खो बैठे हैं नेताजी: शिव अरोरा

## पूर्व विधायक कहानियां गढ़ जनता को करना चाहते हैं गुमराह,उनकी असलियत जानती है जनता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोड़ा ने पूर्व विधायक ठुकराल के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि सवा साल बीत जाने के बाद भी वह हार को पचा नहीं पाए हैं और बौखलाहट में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि पूर्व विधायक अपनी हार को पचा नहीं पा रहे हैं इसीलिए अनाप-शनाप झूठे आरोप लगा रहे हैं। इतना ही नहीं विधायकशिव अरोरा ने कई पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का नाम लिये बगैर उनके द्वारा लगाये गये आरोपों को लेकर खुली चुनौती भी दे डाली। पूर्व विधायक जो झूठे आरोप उन पर लगा रहे हैं वह उनकी बौखलाहट का नतीजा है। शिव अरोड़ा ने कहा कि पूर्व विधायक के द्वारा उन पर जो ई रिक्शा, टुक टुक आदि अड्डों से अवैध वसूली का आरोप लगाया है। वह अड्डे पूर्व विधायक के समय से ही चलते आ रहे हैं,उतनी ही संख्या में चल रहे हैं जो उनके कार्यकाल में चल रहे थे उनकी संख्या में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है ना ही किसी से कोई अवैध वसूली की जाती है। इसी तरह उन्होंने कथाकथित लॉयड कंपनी की चोरी का स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि पूर्व विधायक का आरोप है कि सिडकुल में बंद पड़ी लॉयड कंपनी में करोड़ों रुपए की मशीनों एवं सैकड़ों एसी व स्क्रैप की चोरी हुई हैं जिसमें वह मेरे आदमियों की संलिप्तता का आरोप लगाते हैं जो कि हास्यास्पद है। अगर किसी की कंपनी में चोरी होती है तो मालिक चोरी की एफआईआर दर्ज करवाता है व पुलिस जांच भी करती है। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी चोरी हो जाती है और कंपनी मालिक कोई रिपोर्ट नहीं लिखवाते हैं। ऐसा कैसे हो सकता है कि किसी की कंपनी में करोड़ों की चोरी हो हो जाती है और वह रिपोर्ट ना लिखवाये। क्योंकि ऐसी किसी भी चोरी की कहीं रिपोर्ट नहीं लिखवाई गई है जिससे यह सिद्ध होता है कि पूर्व विधायक बौखलाहट में अनाप-शनाप आरोप लगा रहे हैं। विधायक ने कहा कि पूर्व विधायक ठुकराल थोड़े थोड़े समय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके जनता को भ्रमित करने के लिये झूठी अफवाह फैलाकर उन पर काली कमाई का आरोप लगाते हैं। झूठी अफवाह फैलाना और जनता को भ्रम में डालना पूर्व विधायक का पुराना काम है ऐसे में यदि पूर्व विधायक समाज का या शहर वासियों का सच में भला चाहते हैं तो प्रेस कॉन्फ्रेंस करके शहर में चल रही समस्याओं के निस्तारण व विकास के मुद्दे उठाये। उन्हे ऐसे बचकाने व भड़काऊ बयानबाजी से बचते हुए सर्व समाज के कल्याण के लिए सबका सहयोग करना चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान मंडी समिति अध्यक्ष केके दास,वेद ठुकराल, जिला महामंत्री अमित नारंग, धरम कोली, सुरेश कोली आदि मौजूद थे।



## पूर्व विधायक की हरकते चिंदी चोर की तरह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा पत्रकार वार्ता में लगाये गये तमाम आरोपो पर पलटवार करते हुये शिव अरोरा ने कहा कि पूर्व विधायक की हरकते चिंदी चोर की तरह है। जुएं खिलाने का काम,शराब की दुकानों और रेता बजरी वालों से अवैध वसूली जैसे काम करने वालों का आज उनके द्वारा अवैध कारोबार बन्द करा दिया गया है। जिसके चलते पूर्व विधायक बौखला गये है। उन्होंने पूर्व विधायक पर प्रश्न दागते हुये कहा कि वह बताये कि उनके चारों भाईयों का क्या कारोबार है। उनके परिवारों का खर्चा कहा से चलता है। उन्होंने कहा कि उनके एक भाई द्वारा कोठी के तिमंजिले पर जुआं खिलवाया जाता था जिसके एवज में लाखों रूपया वसूला जाता था। रात को वहां बीयर सहित नशे का सामान ले जाया जाता था आज वह काम सब बंद हो गया।

## नेता जी बतायें कि ऐसा कौन सा कारोबार जिससे करोड़ो की सम्पत्तियां बना डाली

### पत्नी को गिफ्ट में दिया करोड़ों का बंगला और गली-मौहल्लों में जगह-जगह पड़े है प्लाट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि वह चाटर्ड एकाउन्टेंट है और पिछले कई सालों से प्रैक्टिस कर रहे है। राजनीति में आने से पहले ही उन्होंने कालेज की स्थापना सहित कई कारोबार किये और वर्तमान में चल रहे है। राजनीति में आकर पैसा कमाने की उनकी कभी कोई मंशा नही रही। वह राजनीति में क्षेत्र के विकास के लिये आगे आये है और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सिपाही के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व विधायक से प्रश्न करते हुये पूछा कि वह बताये कि वह ऐसा कौन सा कारोबार करते है कि उनके द्वारा गली-मौहल्लों में जगह-जगह प्लाट खरीद डाले। जिनकी कीमत करोड़ों रूपये में है। श्री अरोरा ने कहा कि नेता जी द्वारा अभी कुछ समय पहले अपनी पत्नी को गिफ्ट के रूप में करोड़ों का मकान दिया गया। वह बताये कि उन्होंने इतनी धन दौलत कौन से कारोबार से कमाई। उन्हें आगे आकर जनता को इसका जवाब देना चाहिए।


गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए?
आधार लाये, उधार ले जायें...

0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी

Guru Maa Enterprises

हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007

रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000

काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111

गदरपुर
गुरूनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## राज्यपाल और सरकार

कई राज्यों में राज्यपाल और वहां की सरकार के बीच अलग-अलग वजहों से टकराव के मामले सामने आते रहे हैं।पिछले कुछ समय में अलग-अलग मसलों पर विभिन्न राज्य सरकारों और राज्यपाल के बीच जिस तरह की खींचतान देखी गई है, उससे फिर यह सवाल उठा है कि ऐसे टकराव का हासिल क्या है और इससे आखिरी तौर पर किसका हित प्रभावित होता है। हाल ही में पंजाब के राज्यपाल ने राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिख कर बताया कि पिछले महीने आयोजित विधानसभा का दो-दिवसीय सत्र 'कानून एवं प्रक्रिया का उल्लंघन था'।इसलिए वे इस सत्र के दौरान पारित चार विधेयकों की वैधता को लेकर अटार्नी जनरल यानी महान्यायवादी की सलाह लेने या राष्ट्रपति के पास भेजने की संभावनाओं पर विचार कर रहे हैं। यानी राज्य विधानसभा में पारित इन विधेयकों के कानून बनने के लिए उस पर राज्यपाल के हस्ताक्षर का मामला भी इसका कोई हल निकलने तक रुका रहेगा। जाहिर है, राज्यपाल के इस पत्र के बाद राज्य में आम आदमी पार्टी यानी आप सरकार और राजभवन के बीच गतिरोध में और तीव्रता ही आएगी, जो पहले ही कई मुद्दों पर सार्वजनिक होती रही है। इसी कड़ी में आप की ओर से यह दावा किया गया कि राज्यपाल का रुख राज्य की विधानसभा के अधिकार की उपेक्षा करता है और साथ ही यह आम लोगों की आवाज को दबाने की कोशिश है।सवाल है कि अगर राज्यपाल ने पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र पर सवाल उठाए हैं, तो क्या उसका कोई कानूनी आधार नहीं है! राज्यपाल ने अपने पत्र में साफ कहा है कि संबंधित सत्र 'कानून एवं प्रक्रिया का उल्लंघन था।' इस आपत्ति का कोई तकनीकी और उचित जवाब देने के बजाय आम आदमी पार्टी की ओर से अगर अपनी दलीलों में भावुकता का सहारा लिया जाता है तो उसे कैसे देखा जाएगा। इसके अलावा, राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच यह टकराव अगर लंबा खिंचता है और इसका असर नीतिगत कार्यक्रमों के अमल में आने या अन्य जटिल हालात पैदा होने से जनता का हित बुरी तरह प्रभावित होता है तो उसके लिए किसे जिम्मेदार माना जाएगा। यह छिपा नहीं है कि पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार है और दोनों ही राज्यों में अधिकार क्षेत्र को लेकर राज्यपालों के साथ एक तरह के टकराव में निरंतरता बनी हुई है।दोनों एक दूसरे पर 'संवैधानिक कर्तव्यों को पूरा नहीं करने' का आरोप लगाते रहे हैं। पंजाब में विधानसभा का सत्र बुलाने, राज्यों के मामलों को चलाने के तरीके, नियुक्तियों और सदन में सरकार को 'मेरी सरकार' कह कर संबोधित करने जैसे मुद्दों पर यह टकराव खुल कर सामने आया है।देश के कई राज्यों में राज्यपाल और वहां की सरकार के बीच अलग-अलग वजहोंसे टकराव के मामले सामने आते रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में तमिलनाडु, केरल आदि कुछ राज्यों में भी राज्यपालों के रुख की वजह से सरकारों के साथ तीखे टकराव की स्थिति पैदा हुई। लेकिन खासतौर पर दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद शासन के मामले में अधिकारों और सीमाओं को लेकर राज्यपालों के साथ एक विचित्र कड़वाहट का माहौल बना है। जबकि राज्यपाल और सरकार के आमने-सामने खड़े दो पक्ष बनने के बजाय होना यह चाहिए था कि दोनों तरफ से अहं को किनारे कर सौहार्दपूर्ण माहौल में कानून और प्रक्रिया के मुताबिक तकनीकी सवालों का हल निकाला जाता, ताकि आम जनता के हितों का नुकसान न हो। 0

## क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने मॉडल फील्ड में अंडर19 क्रिकेट चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। इसके साथ ही अपने जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान कर्नाटक ने विधानसभा की डोबा ग्रामसभा में जनसम्पर्क किया तथा बालिकाओं को क्रिकेट किट वितरित किये बालिकाओं को दिए अपने सम्बोधन में कर्नाटक ने कहा कि आज बालिकाएं किसी भी स्तर में पीछे नहीं है।वे लगातार आगे बढ़ रही है।बस समाज को जरूरत है बालिकाओं को प्रोत्साहित करने की उन्होंने



कहा कि आज बालिकाओं ने हर क्षेत्र में हमारे देश का नाम ऊंचा करने का कार्य किया है। उन्होंने खेलों में रूचि रखने वाली बालिकाओं का आह्वाहन भी किया कि खेलों को सिर्फ खेल की तरह ना खेलें अपितु इस तरह खेलें कि खेलों में उनका कैरियर भी बन सके। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को यदि किसी भी प्रकार की सहायता की जरूरत पड़ती है तो वे उन आवश्यकताओं की पूर्ति करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस अवसर पर उनके साथ ग्राम प्रधान गोपाल तिवारी,क्षेत्र पंचायत सदस्य गोपाल गुरूरानी,पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विपिन गुरूरानी आदि शामिल रहे।

## पार्षदों ने पूर्ति निरीक्षक सनवाल को दी विदाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम के अनेक पार्षदो द्वारा वरिष्ठ पूर्ति निरीक्षक रवि सनवाल का स्थानांतरण होने पर उन्हें एक समारोह के दौरान बुके भेंट कर विदाई दी गई। उन्होंने कहा कि रवि सनवाल द्वारा गरीबों का राशन कार्ड



बनाने में हर संभव सहायता की गई। पार्षदो ने रवि सनवाल के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर शकील अहमद सलमानी, शाकिर हुसैन, रोहित कुमार, शकील अंसारी, रहीस अहमद, इस्लाम मिकरानी, धर्मवीर, महेश चंद्र, लईक कुरैशी, तौफीक अहमद, ध्रुव कश्यप, मनोज जोशी, जीशान, परवेज आदि उपस्थित थे।

## कनाडा में वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में भाग लेंगे एसआई मुकेश पाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आगामी 28 जुलाई से 6 अगस्त तक कनाडा में आयोजित होने वाले वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में उत्तराखंड पुलिस के एकमात्र एसआई मुकेश पाल द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा हैं। एसएसपी पंकज भट्ट ने बताया कि यह उत्तराखंड पुलिस के लिए गर्व की बात है कि पूरे भारत वर्ष से पावर लिफ्टिंग में उत्तराखण्ड पुलिस के अकेले चयनित खिलाड़ी हैं जो कि कनाडा वर्ड पुलिस गेम 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि मुकेश 25 जुलाई को हल्द्वानी से दिल्ली और दिल्ली से भारतीय की टीम के साथ कनाडा रवाना होंगे। पूर्व में भी मुकेश पाल रूस उज्बेकिस्तान, इंग्लैंड आयरलैंड, अमेरिका, चाइना सभी देशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर भारत व उत्तराखंड पुलिस के लिए कई पदकों के साथ गोल्ड मेडल भी जीत चुके हैं। स्पोटर्स कोटे से वर्ष 2008 में उत्तराखण्ड पुलिस में भर्ती होकर वर्तमान समय में सीआईडी हल्द्वानी में उपनिरीक्षक के पद पर रहते हुये पुलिस को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके द्वारा वर्ष 2023 में पुलिस ओलपिंक खेलों में गोल्ड मेडल हसिल करने हेतु कनाडा में भारतीय तिरंगे को लहराने के लिए तैयारी की गयी हैं। इसके लिए अशोक कुमार पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड एवं अमित सिन्हा एडीजी, जन्मेंजय खडूंरी, सचिव उत्तराखण्ड पुलिस स्पोर्टस कन्ट्रोल बोर्ड, पंकज भटट एसएसपी, डॉ. जगदीश चन्द्र,एसपी क्राईम/यातायात नैनीताल,हरबन्स सिंह एसपी सिटी हल्द्वानी,भूपेन्द्र सिंह धौनी सीओ सिटी हल्द्वानी सहित कई आला अफसरों समस्त शहरवासियों ने उन्हें बधाई तथा शुभकामनाएं दी।



## मुख्यमंत्री उदयीमान खेल चयन प्रतियोगिता का आयोजन

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। गुरु नानक अकेडमी नानकमत्ता के खेल परिसर में दो दिवसीय मुख्यमंत्री उदयीमान खेल प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस नगर पंचायत नानकमत्ता के दस एवं न्याय पंचायत नानकमत्ता के बारह विद्यालयों के 8 से 14 वय वर्ग की बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं में 600 मीटर, 30 मीटर फ्लाइंग, 10गुणा 60 मीटर की दौड़, ब्रॉडबैंड रीच इत्यादि प्रतियोगिता आयोजित कराई गईं। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में सूरज सक्सेना, दिनेश चौहान ,कृष्ण चंद्र आर्य, रमाकांत आचार्य, लीला रौतेला, निर्मल सिंह, फकीर सिंह, कुंवर सिंह राणा ,पुष्पेंद्र कटियार, किशोर डांगी, सुनील कुमार आदि व्यायाम शिक्षकों एवं केजीएम विद्यालय के प्रबंधक कैलाश जोशी आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया। प्रतियोगिता के संयोजक जशोद सिंह मेहता व संचालक के०एन ०अटवाल थे।



# कृषकों का देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान: तोमर

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में ऐप व पोर्टल लांच,केंद्र सरकार द्वारा 8 राज्यों के 5.60 लाख किसानों को 258 करोड़ रुपये क्लेम जारी

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)।केंद्र की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) में किसानों को और अधिक सहूलियत देते हुए सटीक उपज अनुमान एवं पंजीकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने आज तीन महत्वपूर्ण पहलों- येस्टेक (प्रौद्योगिकी पर आधारित उपज अनुमान प्रणाली), विंड्स (मौसम सूचना डेटा सूचना प्रणाली) और एआईडीई (मध्यस्थ नामांकन के लिए ऐप) को किसानों को समर्पित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर तथा केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय के तहत, राज्यांश लंबित होने से किसानों को क्लेम मिलने में होने वाली कठिनाइयों से राहत प्रदान करते हुए 8 राज्यों के लगभग 5.60 लाख लाभार्थी किसानों को अपने स्तर पर 258 करोड़ रु. बतौर क्लेम जारी किए। इनमें गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम, ओडिशा व आंध्र प्रदेश के किसान शामिल हैं।कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने कहा कि कृषि का जीवन व देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। कृषि के समक्ष कितनी भी अनुकूलता हो, इसके बाद भी कृषक को प्रकृति पर निर्भर करना पड़ता है और प्रकृति नाराज हो जाएं तो किसान अपने श्रम से इसकी भरपाई नहीं कर पाता है, इसलिए यह जरूरी समझा गया कि प्राकृतिक प्रकोप से होने वाले नुकसान की भरपाई की व्यवस्था होनी चाहिए, इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू करते व इसे किसान हितैषी बनाते हुए इसके जरिये किसानों के नुकसान की भरपाई की जा रही है। भारत सरकार कृषि विकास के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए बजट में कमी नहीं आती है, लेकिन कभी राज्य सरकारों के हिस्से का प्रीमियम जमा नहीं होता है, तो ऐसे में किसानों को दिक्कत नहीं होने देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा समय पर जमा कराई जाने वाली अपनी प्रीमियम के पेटे ही किसानों को मुआवजा देने का केंद्र ने फैसला लिया है, फिर भले ही तब तक राज्य सरकार द्वारा प्रीमियम जमा हो या नहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कामकाज संभालते ही गांव-गरीब-किसान तीनों पर फोकस किया और अनेक योजनाओं के माध्यम से प्रयत्न किया गया है कि गांवों के जीवन में बदलाव आएं, गरीबों का जीवन बदलें और किसान समृद्ध हों। इस दिशा में कृषि मंत्रालय के जरिये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी अनेक योजनाओं का सृजन किया गया। कृषि क्षेत्र में तकनीक के प्रयोग पर बल दिया गया। अच्छे खाद-बीज की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की गई। कृषि के बजट को देखें तो 2013 की तुलना में लगभग पांच गुना की वृद्धि की गई। इनका सद्परिणाम भी दिख रहा है। हम खाद्यान्न, बागवानी, दुग्ध उत्पादन में दुनिया में अच्छी अवस्था में हैं। इसमें तकनीक एवं कृषि वैज्ञानिकों के अनुसंधान का भी महत्वपूर्ण योगदान है। श्री तोमर ने कहा कि आज तकनीक का उपयोग करके हर किसान तक हर योजना की पहुंच हो सकती है व आम किसान लाभ ले सकते है, इसलिए कृषि मंत्रालय ने बहुतेरे काम करते हुए इंश्योरेंस मॉड्यूल भी बनाएं, राज्य सरकारों को जोड़ा गया व फसल बीमा योजना को और कारगर बनाने की दृष्टि से मैनुअल, पोर्टल व ऐप आज लांच किया गया है। हम सोचते थे कि मौसम की सही सूचना क्यों नहीं आ पाती है, अगर सूचना मिल भी जाएं तो नीचे तक पहुंचाने का साधन नहीं होता था, इसलिए कोशिश की गई कि तकनीक का प्रयोग करके इसकी पहुंच गांव-गांव तक बनाई जाएं। हर गांव में रेन वॉच टॉवर हो, विकासखंड स्तर पर वेदर स्टेशन आ सकें, ताकि मौसम की जानकारी विभाग व सरकार को मिल सकें। जलवायु परिवर्तन के दौर में यह जरूरी भी है। इसी तरह यह भी सुनिश्चित हुआ है कि एक व्यक्ति इंश्योरेंस के लिए मोबाइल के माध्यम से गांव-गांव व घर-घर जा सकता है। आज प्रारंभ की गई ये सुविधाएं सिर्फ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ही नहीं, बल्कि कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली है। आने वाले कल में भी ऐसे ही नवाचार होते रहे, नई पीढ़ी कृषि क्षेत्र की तरफ आकर्षित हो, कृषि का क्षेत्र रोजगार के अवसरों का बड़ा स्रोत बनें, इस दिशा में और नवाचार करने की जरूरत है। पृथ्वी विज्ञान मंत्री श्री रिजिजू ने कहा कि किसानों के जीवन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की इन सुविधाओं से बहुत बड़ा बदलाव आएगा। हरित क्रांति के बाद, पिछले नौ साल में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में अद्भुत काम हुआ है और हम एक लीडिंग नेशन के रूप में उभरे हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि क्षेत्र में किए जा रहे परिवर्तन बहुत महत्वपूर्ण है। जलवायु परिवर्तन के दौर में इन सबकी महत्ता और भी ज्यादा है। भविष्य की चुनौतियों के मद्देनजर हमें साइंटिफिक मैकेनिज्म तैयार करना होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि कृषि मंत्रालय के साथ मिलकर उनका मंत्रालय जलवायु परिवर्तन से उपजने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए बेहतर कार्य कर सकेगा। श्री रिजिजू ने कहा कि हमारे वैज्ञानिक बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, देश में सभी क्षेत्रों में उनके अनुसंधान की शत-प्रतिशत उपयोगिता कैसे हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। केंद्रीय कृषि सचिव मनोज अहूजा, मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डा. मृत्युंजय महापात्र व पीएमएफबीवाई के सीईओ तथा कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री रितेश चौहान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में महालनोबिस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केंद्र के निदेशक डा. सी.एस. मूर्ति तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय एवं बीमा कंपनियों के अधिकारी और अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।






# पशुपालन और डेयरी के विकास के लिए सरकार गंभीर: बहुगुणा

शक्ति फार्म(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड हल्द्वानी एवं एनएसआई के संयुक्त तत्वावधान मे शक्तिफार्म चारा उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड बसगर में साइलेज प्रबंधन पर पशुपालन गोष्ठी एवं लाइव फाडर हार्वेस्टिंग शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री पशुपालन, दुग्ध विकास ,मत्स्य, गन्ना विकास, कौशल विकास, सौरभ बहुगुणा ने कहा उत्तराखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधारना है तो उत्तराखंड से पलायन रोककर रोजगार उपलब्ध कराने मे पशुपालन , डेयरी व मत्स्य विभाग ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बड़ा योगदान दे सकती हैं। ग्राम सभा बसगर मे आयोजित पशुपालन गोष्टी एवं लाईव फाडर हार्वेस्टिंग शो में एन एस आई द्वारा विकसित तकनीक से उपार्जित पशु चारा कटाई एवं साइलेज बेल बनाने, न्यूमैटिक मशीन द्वारा बीज बुवाई का प्रदर्शन किसानों के सम्मुख किया गया विशेषज्ञ द्वारा तकनीकी रूप से चारा उत्पादन एवं प्रबंधन पर व्याख्यान दिए गए तथा पशु चारा ,बीज, पशु चिकित्सा ,औषधी एवं कृषि मशीनरी के प्रदर्शनी भी किसानों के उपयोगार्थ लगाया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सौरभ बहुगुणा ने कहा कि हमारी कोशिश है किस तरह पशुपालन, डेयरी, मत्स्य विभाग के जरिए लोगों को रोजगार व किसानों की आय बढ़ाई जाए। कैबिनेट मंत्री ने कहां पशुपालन डेरी को आगे बढ़ाना है तो आज नए आ रहे टेक्नोलॉजी को अपनाना पड़ेगा। सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतरना पड़ेगा। कहा कि सरकार की योजनाओं का लोगों को पता नहीं चलता उन्होंने इन विभागों के अधिकारियों आदेश दिया की अस्पतालों के बाहर,समिति के बाहर एवं हर विभाग में होर्डिंग लग जाना चाहिए। जिससे लोगों को पता चल सके कौन सी योजना उनके लिए है। कहा कि देश की मातृशक्ति को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए उत्तराखंड सरकार ने पहला कदम पशुपालन विभाग से उठाया है। अधिकारियों से लेकर इससे जुड़े सभी ने इसे धरातल पर उतारा है। तीनों विभाग सही से काम कर गए तो श्वेत क्रांति की हम बात करते है वो भी साकार हो सकता है। सरकार पशुपालन हित में काम कर रही है। बहुगुणा ने कहा आंचल उत्तराखंड का ब्रांड है, आपका ब्रांड है ,आंचल को अपनाकर इसे आगे बढ़ाए। उन्होंने एक रुपए दूध के कीमत बढ़ाए जाने के लिए अधिकारियों को आदेश दिए। यू सी डी एस अध्यक्ष व प्रशासक मुकेश बोरा ने कहा इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन एवं क्रियान्वयन से निश्चित रूप से उन्नत पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा एवं इससे पशु चारा समस्या के समाधान के साथ-साथ वर्ष भर पशुओं को पोस्टिक चारा मिलने से दूध उत्पादन बढ़ेगा। किसानों की आमदनी मे भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम में निदेशक ,निबंधक डेयरी विकास उत्तराखंड संजय कुमार उधम सिंह ,नगर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह रावत, राज्य सहकारी बैंक अध्यक्ष दान सिंह रावत, यू सी डी एस अध्यक्ष मुकेश बोरा, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल,उधम सिंह नगर दुग्ध संघ के प्रशासक तिलक राज गंभीर, प्रबंध निदेशक उत्तराखंड सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड हल्द्वानी जयदीप अरोड़ा,शक्ति फार्म चारा उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड बसगर की अध्यक्षा प्रभा रावत, मोहन चंद ,राजेंद्र सिंह चौहान ,संजय उपाध्याय, डीपी सिंह ,नगर पंचायत अध्यक्ष शक्तिगढ़ सुनील विश्वास, अमरजीत सिंह कटवाल , आर एम तिवारी ,डॉ एच एस कटौला, अनुराग शर्मा, विष्णुपद प्रमाणिक ,कार्तिक राय ,गोपाल सरकार, देबू मंडल,विश्वजीत हालदार, संजय बाछाड़ ,उत्तम दास, आदि मौजूद थे।





# मणिपुर में हुई हिंसा के विरोध में सौंपा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। मणिपुर राज्य में केंद्र और मणिपुर राज्य सरकार के इशारे पर देश को शर्मसार और कलंकित करने वाली घटना के विरोध में शनिवार को आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार गदरपुर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है ।इस दौरान सुभाष व्यापारी ने कहा कि मणिपुर की घटना देश को शर्मसार और कलंकित करने वाली घटना है उन्होंने कहा कि जिस तरीके से 77 दिनों में मणिपुर जल रहा है उस पर मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना महाभारत काल की घटना को याद दिलाती है, उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आखिर ऐसे कौन से कारण है कि सरकार के नुमाइंदे इस शर्मसार करने वाली घटना पर खामोश है उन्होंने उक्त घटना पर उक्त घटना पर शामिल सभी दोषी दरिंदों के साथ दोषी अधिकारियों पर भी सख्त कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी उधम सिंह नगर इस घटना की घोर निंदा करती है। इस दौरान भगत दास, विजय सिंह, बीडी जोशी, तपन, सुशील भगत, अजीत मौर्य, मोहम्मद अहमद पेंटर, भवन बिष्ट आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# महिलाओं ने मनाया ब्लैक डे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम धर्मपुर की महिलाओं ने देश में बेटियों के साथ अत्याचार को लेकर ब्लैक डे मनाया। महिलाओ ने कहा कि मणिपुर में जो ढाई महीने से चल रहा है वह देश के लिए बहुत चिंता का विषय है। महिला एक मां है बेटी है बहू है मां ममता की मूरत है कुछ दरिंदों ने इन लोगों के साथ इतनी दरिंदगी दिखाते हुए उन्हें निर्वस्त्र घुमाया यह कृत्य असहनीय है। महिलाओं ने सरकार से दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। ग्राम प्रधान सर्वजीत कौर महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव सपना गिल शांति देवी रानी उर्मिला मुन्नी देवी कुंवारी सपना शीला उषा देवी राजकुमारी अन्य महिलाएं उपस्थित हुई।




# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बिलासपुर के एक मेडिकल स्टोर में काम करने वाला किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दे दी है। मोहल्ला साहूकारा बिलासपुर, रामपुर निवासी निसार पुत्र अली हुसैन ने पुलिस को बताया कि उसका 15 वर्षीय पुत्र रेहान बिलासपुर के एक मेडिकल स्टोर में काम करता है। गत 18 जुलाई को सुबह वह काम के लिए चला गया। 11 बजे दुकान स्वामी ने फोन कर बताया कि तुम्हारा लड़का खाना खाने चला गया है। परंतु उसके घर न पहुंचने पर 12 बजे दुकान गया तो दुकान स्वामी ने बताया कि जब फोन किया था तभी चला गया था और 1100 सौ रुपए नगद भी के गया है। काफी खोजबीन के बाद भी जब रेहान का कहीं कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस में दर्ज करा दी।

# अवैध खनन में डंपर किया सीज

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी हल्द्वानी एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी के दिशा-निर्देशन में वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मानसून गश्त के तहत वन सुरक्षा दल प्रभारी प्रमोद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में टीम शुक्रवार को सितारगंज- पीलीभित मार्ग पर डंपर को जांच हेतु रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन में आर.बी.एम. लदा पाया,चालक द्वारा ई-रवन्ना फॉर्म दिखाया गया जिसमें भिन्नता पाई गयी। टीम द्वारा जब ई-रवन्ना फॉर्म में की गई गड़बड़ी हेतु चालक से पूछताछ का प्रयास किया तो तब तक चालक मौके से भाग गया। वाहन स्वामी द्वारा जिस ई-रवन्ना फॉर्म से वाहन में उपखनिज का अभिवहन किया जा रहा था जो किसी अन्य वाहन के नाम जारी की गई थी एवं उसकी वैधता भी दिनांक 27 जून 2023 को समाप्त हो गई थी। वाहन उक्त के चालक/ स्वामी द्वारा ई-रवन्ना फॉर्म में छेड़खानी,आरबीएम का अवैध अभिवहन करने पर वाहन को टीम द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर विभागीय संसाधनों की सहायता से शक्तिफार्म चौकी परिसर में कपिल कुमार वन बीट अधिकारी बाराकोली रेंज की सुपुर्दगी में अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु सुरक्षित खड़ा कर दिया गया है। टीम में प्रमोद सिंह बिष्ट, प्रभारी वन सुरक्षा दल , देवेंद्र प्रकाश आर्या उपराजिक, दिनेश चंद्र बुधलाकोटी वन दरोगा, पान सिंह मेंहता वन दरोगा, सोनू कुमार वन आरक्षी, नरेंद्र पांडे वन आरक्षी वाहन चालक चंदन सिंह मौजूद थे।



# पंतनगर डेयरी में काम करता कर्मी घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: पंतनगर डेयरी में कार्य के दौरान पैर में कुल्हाड़ी लग जाने से एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार नगला देवी फार्म पंतनगर निवासी 35 वर्षीय वीरेंद्र सिंह पुत्र किशन पाल पंतनगर डेयरी फार्म में काम करता है। बताया जाता है कि आज प्रात: वह डेयरी में प्रोडेक्शन तैयार करने के लिए कुल्हाड़ी से लकड़ी चीर रहा था। इसी दौरान कुल्हाड़ी उसके पैर पर जा लगी। जिससे वीरेंद्र के पैर से खून की धार निकलने लगी। अचानक हुई इस घटना से वहां खड़े लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में गंभीर रूप से घायल वीरेंद्र को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसके पैर में कई टांके लगाए।

## पेज एक का शेष...

**बंद हो रहे उद्योगों को....**नवनिर्मित भवन का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि नए उद्योगों की स्थापित होने से बेरोजगारी की किल्लत खत्म होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंद हो रहे कल कारखानों को नए सिरे से सरकार उन्हें खड़ा करने की योजना बना रही है। इसके अलावा उधम सिंह नगर में नए उद्योगों की भी स्थापना की रूपरेखा तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं को पहले प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की मदद से जल्द ही उत्तराखंड में विनिर्माण क्षेत्र में कदम बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन दिनों केंद्र सरकार आत्मनिर्भर भारत की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों के निवेश को भी प्रोत्साहित करने का काम सरकार कर रही है। कार्यक्रम के दौरान कि जीसीसीआई के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में के जीसीसीआई के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री का काफिला काशीपुर की ओर कूच कर गया जहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर निगम पहुंचकर सात अलग-अलग विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस दौरान बड़ी तादाद में प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**फैक्ट्री की बस पलटने ...**टकराते हुए तेज धमाके के साथ पलट गई। घटना के घटते ही चीख-पुकार मच गई और तमाशबीनों का मजमा लग गया। हादसे में आकर सैनिक कॉलोनी निवासी फैक्ट्री वर्कर शनिदेव 25 वर्ष पुत्र शंकर प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दुर्घटना की चपेट में आकर चार दर्जन से अधिक फैक्ट्री श्रमिक घायल हुए। घायलों को उपचार के लिए नगर के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में सविता 36 वर्ष भागवती 24 वर्ष पुष्पा 35 वर्ष सुनीता 40 वर्ष चंद्रपाल 48 वर्ष रुखसाना 25 वर्ष मीना 24 वर्ष बसंती 45 वर्ष मीना 47 वर्ष पूजा 24 वर्ष से 36 वर्ष अर्चना 19 वर्ष सत्येंद्र 55 वर्ष व प्रेम सिंह 40 वर्ष शामिल है। घायलों में अधिकांश की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मृतक शनिदेव नमक फैक्ट्री वर्कर मूल रूप से उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद का रहने वाला था। पिछले कई वर्षों से उसका परिवार यहां सैनिक कॉलोनी में मकान बनाकर रह रहा है। बताया गया कि पिछले कुछ समय से मृतक के माता-पिता पैतृक गांव गए हुए हैं। घटना की सूचना उन्हें मोबाइल फोन द्वारा दे दी गई। मृतक दो भाई एक बहन है। भाई बहनों में वह बड़ा था। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक है। उधर राजकीय चिकित्सालय की इमरजेंसी ड्यूटी में मौजूद डॉ कमलजीत सिंह ने बताया कि बस एक्सीडेंट की घटना में घायल होकर कुल 15 लोग राजकीय चिकित्सालय आए जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद घायलों के परिजन उन्हें उपचार के लिए प्राइवेट अस्पतालों में ले गए। इमरजेंसी ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर ने यह भी बताया कि एक घायल की हालत को चिंताजनक देखते हुए उसे रेफर किया गया है।

**काशीपुर में भाजपा की...**शहरों में भी भाजपा का जादू लोगों के दिलो-दिमाग से फीका पड़ने लगा है। बाजपुर, गदरपुर केलाखेड़ा, जसपुर आदि शहरों में आए दिन जनता व जनप्रतिनिधि समस्याओं को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं लेकिन माकूल जवाब देने की बजाय उन्हें चुप्पी साधने की नसीहत दी जा रही है या फिर कह दिया जाए कि जनता की आवाज को अनसुना करने का काम किया जा रहा है।

**नदी में फंसी...**जलस्तर शनिवार को सुबह सात बजे बढ़ना शुरू हो गया। करीब नौ बजे यूपी परिवहन निगम यात्रियों से भरी एक बस नदी रपटे के गुजर रही थी। नदी के तेज बहाव में रपटे के बीच जाकर यात्रियों से भरी बस दलदल में फंस गई। वहीं, नदी के तेज बहाव के बीच अचानक फंस जाने से बस के यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। बस नदी में रपटे से फिसल कर पत्थरों के सहारे रुक गई। वहीं, नदी पुल के पास खड़ी क्रेन आनन-फानन मौके पर पहुंची और रस्सियों के माध्यम से बस को नदी में पलटने से बचाया गया। सीओ के नेतृत्व में चलाए गए रेस्क्यू अभियान में पोकलेन के माध्यम से कड़ी मशक्कत के बाद यात्रियों को बस से सुरक्षित बाहर निकाला गया। बस में चालक जितेंद्र शर्मा और परिचालक प्रदीप यादव मौजूद थे। राहगीरों कहना है कि चालक की लापरवाही से बस नदी में फंसी गई, यात्री बाल-बाल बचे।

**स्मैक के साथ..**शरीफ अहमद निवासी अफसराइयां थाना मीरगंज जिला बरेली उत्तर प्रदेश के कब्जे से 125.50ग्राम स्मैक तथा स्मैक ले जाने के लिए प्रयुक्त मोटर साइकिल बजाज प्लेटिना के साथ गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त ने बताया कि वह ये स्मैक तस्लीम चाचा से खरीद कर लाया था तथा दराऊ मै एक टैंपो चालक को देने जा रहा था जिसका नाम सलीम है वह पिछले तीन वर्षो से ये काम कर रहा है।पुलिस टीम में धीरेंद्र कुमार एसआई, विनोद फर्त्याल, दीवान सिंह बिष्ट, महेश कोहली, उमेश सिंह, उमेश गिरी आदि लोग मौजूद थे।

# युवा व्यापारी अंकित का हार्ट अटैक से निधन



किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा मेंन मार्केट स्थित आर के इंटरप्राइज एवं पूजा होम कलेक्शन के स्वामी सतीश अरोरा के पुत्र एवं श्री पिंटू अरोरा के भतीजे अंकित अरोरा का ह्दय गती रुकने से आकस्मिक निधन हो गया है। जिससे व्यापारियों शोक की लहर दौड़ गई तमाम व्यापारियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।आज अंकित अरोरा का अंतिम संस्कार किच्छा स्थित मोक्ष धाम में किया गया । शोक संवेदना प्रकट करने वालों में मुख्य रूप से रुद्रपुर के मेयर रामपाल सिंह,राजेश प्रताप सिंह, विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, पालिकाध्यक्ष दर्शन कोली,महेंद्र पाल,कमलेश दुबे, भूषण नारंग, सुभाष कुमार, उमेश अग्रवाल, विनोद फुटेला, पुरुषोत्तम लाल, अशोक कटारिया आदि लोग मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000